भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 446

19 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए नियत

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम

446. श्री अदला प्रभाकर रेड्डी:

डॉ. बीसेट्टी वेंकट सत्यवती:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने विगत दो वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत नई इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण इकाइयां स्थापित की हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार अन्य राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों में ऐसी अन्य और इकाइयां स्थापित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत देश भर में कितनी हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहन निर्माण इकाइयां स्थापित की गई हैं?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) और (ख): जी नहीं, सरकार आंध्र प्रदेश सहित राज्यों में राष्ट्रीय ई-मोबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण इकाइयों को स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं करती है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण तथा बैटरी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए, इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माणकारी कंपनियों सहित ऑटोमोबिल और ऑटो घटक कंपनियों के सहायतार्थ भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित दो उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं:

क) केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत में उन्नत रसायन सेल (एसीसी) बैटरी भंडारण के लिए 50 गीगावाट घंटा (जीडबल्यूएच) की कुल विनिर्माण क्षमता वाले विनिर्माण सुविधा केन्द्रों

को 18,000 करोड़ के परिव्यय से स्थापित करने के लिए 12 मई, 2021 को उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम अनुमोदित की।

ख) उन्नत ऑटोमोटिव उत्पादों के लिए पाँच वर्षों के दौरान 25,938 करोड़ रुपये के बजटीय परिव्यय से भारत की विनिर्माण क्षमताओं के संवर्धन के लिए ऑटोमोबिल और ऑटो घटक उद्योग के लिए उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम अनुमोदित की है।

(ग): महोदय, मांग प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए फेम इंडिया स्कीम के अंतर्गत पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों (ई-दुपहिया, ई-तिपहिया और ई-चौपहिया) का उत्पादन करने वाले इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माताओं का विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

*****

अनुलग्नक-I

विनिर्माताओं के नाम		
ई-दुपहिया	1	एम्पीयर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	2	एथर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
	3	बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
	4	हीरो इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	5	जितेंद्र ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड
	6	लिथियम-आयन इलेक्ट्रिक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
	7	ओकीनावा ऑटो टेक प्राइवेट लिमिटेड
	8	रिवॉल्ट इंटेलीकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड
	9	टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड
	10	ट्वेंटी टू मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	11	ओला इलेक्ट्रिक टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
	12	ओकाया ईवी प्राइवेट लिमिटेड
	13	माइक्रोकॉन I2i प्राइवेट लिमिटेड
	14	मारुथिसन प्राइवेट लिमिटेड
	15	लेक्ट्रिक्स ईवी प्राइवेट लिमिटेड
	16	कबीरा मोबिलिटी एलएलपी
	17	बूमा इनोवेटिव ट्रांसपोर्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
	18	बजाज ऑटो लिमिटेड
	19	बैटरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड
	20	टुनवाल ई मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	21	काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड
	22	बीगौस्स ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	23	अमो मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
ई-तिपहिया	1	चैंपियन पॉलीप्लास्ट
	2	काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशन लिमिटेड
	3	महिन्द्रा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड
	4	विजय इलेक्ट्रिक व्हीकल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
	5	वाईसी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	6	बेस्ट वे एजेंसीज़ प्राइवेट लिमिटेड

	7	एनर्जी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
	8	ठुकराल इलेक्ट्रिक बाइक्स प्राइवेट लिमिटेड
	9	सेरा इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	10	खालसा एजेंसी
	11	गोयनका इलेक्ट्रिक मोटर व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	12	अतुल ऑटो लिमिटेड
	13	दिल्ली इलेक्ट्रिक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	14	यूपी टेलीलिंक्स लिमिटेड
	15	पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड
	16	लोहिया ऑटो इंडस्ट्रीज
	17	एवन साइकिल्स लिमिटेड
	18	आल्टीग्रीन प्रॉपल्शन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
	19	कीटो मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	20	ओमेगा सेकी प्राइवेट लिमिटेड
	21	स्पीगो व्हीकल्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
	22	एट्रिओ ऑटोमोबिल्स प्राइवेट लिमिटेड
	23	जीआरडी मोटर्स
	24	ओम बालाजी ऑटोमोबिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
	25	स्कूटर्स इंडिया लिमिटेड
	26	बालन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड
	27	कॉन्टिनेंटल इंजन्स प्राइवेट लिमिटेड
	28	एमएलआर ऑटो लिमिटेड
	30	यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
	31	जे.एस. ऑटो प्राइवेट लिमिटेड
	32	जितेंद्र न्यू ईवी टेक प्राइवेट लिमिटेड
	33	शिगन एवोल्ट्ज लिमिटेड
	34	एसकेएस ट्रेड इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
	35	एफेव चार्जिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
	36	फिटवेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड
ई-चौपहिया	1	महिंद्रा एंड महिंद्रा
	2	टाटा मोटर्स

****